हिन्दुस्तान

### सरकार घोषणा पत्र में शामिल विषयों को पूरा करने के साथ ही अन्य योजनाओं को भी शामिल कर सकती है

# पहला बजट 6.5 लाख करोड़ का होगा

**योगी 2.0**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार एक अप्रैल से शुरू हो रहे 2022-23 के पूर्ण बजट की तैयारियों में जुट गई है। योगी 2.0 सरकार के इस पहले बजट का आकार करीब 6.5 लाख करोड़ रुपये का होगा। मई में बजट प्रस्तुत होने की उम्मीद है। बजट के माध्यम से सरकार किसानों को मुफ्त बिजली, मेधावी छात्राओं को स्कूटी के साथ ही घोषणा पत्र में शामिल अन्य घोषणाओं को पूरा करती नजर आ सकती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आबकारी, वित्त और राजस्व विभाग के आला अधिकारियों के साथ पूर्ण बजट की तैयारियों पर बैठक की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मुख्य बिंदुओं को ध्यान रखकर नए बजट की तैयारी करें। विभागों के साथ ही सभी विषयों को ध्यान में रखकर नया बजट तैयार किया जाए। चुनावी वर्ष होने के नाते प्रदेश सरकार ने 2022-23 के लिए शुरुआती चार महीनों के जरूरी खर्चों के लिए लेखानुदान प्रस्तुत किया था। जुलाई तक के जरूरी खर्चों का प्रबंध चुनाव से पहले ही लेखानुदान के माध्यम से कर दिया गया था।

**04** शुरुआती महीनों के लिए लेखानुदान आया था

- मई में पूर्ण बजट प्रस्तुत होने की उम्मीद
- भाजपा संकल्प पत्र पर केंद्रित होने की संभावना

**7301** करोड़ रुपये का था 2021-22 का पहला अनुपूरक

**8479** करोड़ रुपये का था 2021-22 का दूसरा अनुपूरक

**संकल्प पत्र की कई घोषणाओं के लिए होगा बजट का इंतजामः** योगी 2.0 सरकार का यह पहला बजट विधानसभा चुनाव में लाए गए भाजपा के संकल्प पत्र पर आधारित होगा। बजट के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए निशुल्क बिजली, उज्जवला योजना के तहत होली और दिवाली में दो मुफ्त घरेलू गैस सिलेंडर, सीनियर सिटीजन महिलाओं को मुफ्त परिवहन यात्रा की सुविधा, रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक लाख की मदद, प्रदेश में छह मेगा फूड पार्क स्थापित किए जाने के लिए बजट का प्रबंध होने की उम्मीद है। संकल्प पत्र की अन्य घोषणाओं को भी बजट के माध्यम से सरकार आगे बढ़ाएगी। योगी सरकार का यह बजट सुशासन, सुरक्षा और विकास पर केंद्रित होगा। बजट में गरीब, किसान, और महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में इस बजट से खास प्रबंध होंगे। महिलाओं, किसानों और युवाओं के सशक्तीकरण पर सर्वाधिक जोर दिए जाने के निर्देश हैं। महिलाओं को सुरक्षा सम्मान, किसानों की आमदनी बढ़ाने में, युवाओं को रोजगार देने की दिशा में भी बजट में बहुत कुछ होगा।

## घोषणा पत्र में खास

1. सभी किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली मिलेगी
2. दो करोड़ टैबलेट और स्मार्ट फोन बांटेंगे
3. 06 धनवंतरि मेगा हेल्थ पार्क स्थापित होंगे
4. 10 हजार करोड़ की लागत से महर्षि सुश्रुत हेल्थ मिशन
5. 06 हजार डाक्टरों और 10 हजार पैरा मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति जल्द होगी
6. मेरठ में अत्याधुनिक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर स्थापित होगा

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows.